<u>समाचार</u>

<u>अधिकाधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करें–महापौर</u>

<u>(शास.हाईस्कूल दादरखुर्द में आयोजित किया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम)</u>

कोरबा 25 जुलाई 2017 – महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए अच्छे पर्यावरण का रहना अत्यंत आवश्यक है, पर्यावरण को संरक्षित करने एवं प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण किया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण तथा वृक्षों की सुरक्षा व उनके संवर्धन हेतु पूर्ण रूप से जागरूक रहना होगा तथा इस दिशा में पूर्ण इच्छाशक्ति के साथ कार्य करना होगा।

उक्ताशय के विचार महापौर श्रीमती अग्रवाल ने दादरखुर्द में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के वार्ड क. 31 दादरखुर्द स्थित शासकीय हाईस्कूल दादरखुर्द में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए वृक्षारोपण किया तथा विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों को पौधे रोपे। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों, नागरिकों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी वृक्षारोपण किया तथा वृक्षारोपण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आगे कहा कि वृक्षारोपण आज की एक बड़ी आवश्यकता है, वृक्ष एवं पेड़–पौधे धरती के आभूषण हैं तथा इन्हीं से प्रकृति की शोभा है। उन्होने कहा कि पेड़–पौधों के द्वारा ही प्राणी मात्र को जीवन के साधन प्राप्त होते हैं, पेड़–पौधों की महत्ता किसी से छिपी नहीं हैं, किन्तु आवश्यकता इस बात की है कि पेड़–पौधों की सुरक्षा के लिए सभी को जागरूक होना होगा, अपने–अपने दायित्व निभाने होंगे।

<u>निगम उपलब्ध करा रहा निःशुल्क पौधे</u>– महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इस मौके पर कहा कि निगम द्वारा वृक्षमित्र अभियान का संचालन किया जा रहा है, इस अभियान के तहत वृक्षारोपण के इच्छुक व्यक्तियों को निगम विभिन्न प्रजातियों के निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं, उन्होने अपील करते हुए कहा कि इस अभियान से जुड़े तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें, निगम निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराएगा।

<u>किया बस्ती का भ्रमण, जानी समस्याएं</u>– महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वृक्षारोपण कार्यक्रम के पश्चात क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के साथ दादरखुर्द बस्ती का पैदल भ्रमण किया, इस दौरान उन्होने बस्ती में स्थित तालाब में पचरी निर्माण तथा स्थल का सौदंर्यीकरण किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार बस्तीवासियों के

अनुरोध पर उन्होने मुक्तिधाम तक पहुंचमार्ग का निर्माण एवं बस्ती के एक भाग में स्थित कच्ची सड़क को पक्की सड़क के रूप में निर्मित किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस अवसर पर निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्य सीताराम चौहान, पार्षद विनीता द्विवेदी, वरिष्ठ नेत्री कुसुम द्विवेदी, पूर्व पार्षद लक्ष्मण जाटवर एवं करम सिंह यादव, अरूण कुमार यादव, नेतराम सोनी, प्राचार्य मंजू तिवारी, चन्द्रकांत यादव, नंदराम, बृजभूषण प्रसाद, शशि तंबोली, चन्द्रकिरण कुर्मी, सुल्ताना खानम, अमन पटेल आदि के साथ अन्य नागरिकगण तथा छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।